# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय

रंजबंधा मैदान, मरही माता मंदिर के सामने रायपुर (छ.ग.)
फोन न. 0771—2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in

क्रमांक/2628/जीडीसी/का0अ0/2021 रायपुर/दिनांक 21.06.2021

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क संचालनालय,
रायपुर (छ.ग.)

**विषयः—** **विज्ञापन प्रकाशन बाबत्।**

——000——

इस पत्र के साथ संलग्न कर शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर हेतु सत्र 2021—22 में ग्रंथालय एवं विभिन्न विभागों के उपयोग हेतु ई—जर्नल्स के क्रय हेतु निविदा सूचना प्रकाशन हेतु भेजी जा रही है। कृपया इसे **प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित दो समाचार पत्रों** में एवं **राष्ट्रीय स्तर के दो समाचार पत्रों** में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

**संलग्नः—उपरोक्तानुसार**

21/06/2021
**प्राचार्य**
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर (छ0ग0)

D:\Books & Junerals 2017-18\Junerals

# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
**रंजबंधा मैदान, मरही माता मंदिर के सामने रायपुर (छ.ग.)**

फोन न. 0771–2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in


क्रमांक / 2628 / जीडीसी / का0अ0 / 2021 रायपुर / दिनांक 21.06.2021

## / / ई–जर्नल्स निविदा सूचना / /

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये वर्ष 2021–2022 में ग्रंथालय एवं विभिन्न विभागों के उपयोग हेतु **ई–जर्नल्स** के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा महाविद्यालय की वेबसाईट **www.govtdentalcollegeraipur.in** से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 13 / 07 / 2021 तक निविदा प्राप्त किया जा सकते है। जो वापसी योग्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | 13 / 07 / 2021 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 15 / 07 / 2021 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 16 / 07 / 2021 समय दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान मरही माता मंदिर के सामने, रायपुर (छ.ग.) |

21/06/2021

**प्राचार्य**
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
रंजबंधा मैदान, मरही माता मंदिर के सामने रायपुर (छ.ग.)
फोन न. 0771–2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in


## ई–जर्नल्स प्रदाय हेतु निविदा की शर्ते :–

1 . यह निविदा प्रतिष्ठित फर्मो से शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ. ग.) में वित्तीय वर्ष 2021–2022 में ग्रंथालय एवं विभिन्न विभागों के उपयोग हेतु ई–जर्नल्स का क्रय किया जाना है।

2. निविदा महाविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से **दिनांक 13/07/2021 तक** निविदा प्राप्त किया जा सकते है।

3. निविदाकर्ता द्वारा ई–जर्नल्स के प्रदाय के लिये छूट (डिस्कांउट) दर वास्तविक मूल्य पर अंकित की जायेगी ।

4. प्रत्येक निविदा के साथ शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय धरोहर **राशि 20,000=00 (EMD) (रूपये बीस हजार मात्र)** का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) का संलग्न करना अनिवार्य है। यह धरोहर राशि वापसी योग्य है।

5. केवल वे ही फर्म निविदा में भाग ले सकेंगें, जिनका पिछले तीन वित्तीय वर्षो में वार्षिक टर्न ओवर कम से कम राशि रूपये 50,00,000.00 (रू0 पचास लाख मात्र) का हो। इसके लिये पिछले तीन वर्षो का चाटर्ड एकाउंटेट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट, आयकर के टैक्स गणना प्रपत्र (पिछले एक वर्ष का रिटर्न ) की प्रतियां एवं आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेंट एकांउन्ट नं. PAN आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां टेक्नीकल बिड प्रपत्र "अ" में संलग्न किया जाना अनिवार्य है

**6. निविदा के साथ ई–जर्नल्स की सूची जमा करें। उक्त सूची में विभागवार सूची/वर्षवार सूची/कितने बेक वेल्युम एवं जर्नल्स की अवधि एवं आर्टिकल का पूरा कंटेन्ट (FULL TEXT) की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सूची में उल्लेख करावें।**

7. स्वच्छ एवं साफ अक्षरों के विना कांट–छांट के पूरी तरह भरें हुये निविदा प्रपत्र सील बंद लिफाफे में अंतिम तिथि दिनांक **15/07/2021 समय शाम 05:30** बजे तक निम्नांकित पते पर अनिवार्यतः स्पीड पोस्ट, डाक, कोरियर से प्राप्त हो जाना चाहिये, विलंब से प्राप्त हुई निविदायें मान्य नही होंगी। इसकी पूर्णतः जवाबदारी निविदा प्रस्तुतकर्ता फर्म की होगी ।

8. निविदा "तीन सील्ड पद्वति" के अनुसार महाविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेगे। इसमें सील बंद लिफाफा 1, 2 एवं एक बड़ा लिफाफा कं. 3 में रखकर सील्ड किये जायेंगे।



21/06/2021

अ. सील बंद लिफाफा क्रमांक–1: इसमे धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट एवं महाविद्यालय की वेबसाईट में डाउनलोड किये गये निविदा फार्म के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट राशि 500=00 रखा जायेगा, जो **दिनांक 13/07/2021 तक** का ही बैंक ड्राफ्ट स्वीकार्य होगा। इस लिफाफे–1 के उपर "धरोहर राशि व निविदाकर्ता का घोषणा पत्र, निविदा शर्ते प्रपत्र व टेक्निकल बिड प्रपत्र के साथ वांछित विभिन्न प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति रखा जायेगा। प्री–क्वालिफिकेसन बिड लिफाफा – 1 में उल्लेखित करना अनिवार्य है।

ब. सील्ड लिफाफा क्रमांक–2: इसमें प्राईज बीड सील बंद लिफाफा में ई–जर्नल्स का दर प्रस्तुत किया जावेगा। प्राईज बिड लिफाफा – 2 में उल्लेखित करना अनिवार्य है।

9. क्रमशः सील्ड लिफाफा 3, 1 व 2 खोले जायेंगे । कामर्शियल बिड लिफाफा–3 उन निविदाकर्ताओं का खोला जायेगा जो कि प्री–क्वालिफिकेसन बिड लिफाफा –1 के खोले जाने पर निविदा के शर्तो के अनुरूप तकनीकी रूप सही पाये जायेगे।

10. सफल निविदाकर्ता फर्म को महाविद्यालय के साथ एक अनुबंध करना होगा ।

11. सफल निविदाकर्ता द्वारा ई–जर्नल्स का दर आदेश की तिथि से एक वर्ष के लिये मान्य होगी। जिसका व्यय निविदाकर्ता को स्वयं वहन करना होगा।

12. निविदाकर्ता फर्म द्वारा निविदा में जोड़ी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में नही है, मान्य नही होगी ।

13. निर्धारित तिथि **दिनांक 16/07/2021 को समय अपरान्ह 12:00 बजे** महाविद्यालय के उप–क्रय समिति सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा।

14. प्राप्त हुई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये हुये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार "प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" का होगा।

15 . किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में "प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" का निर्णय अंतिम होगा ।

16. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण रायपुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा ।

21/06/2021

**प्राचार्य**

**शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**